# रक्तदान ऐसा महान कार्य जो देता है जीवनदान

## शहडोल जिला अस्पताल में शिविर आयोजित

**शहडोल, देशबन्धु।** आम जन मानस को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक करने और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है।

इसी कड़ी में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 14 जून को जिला अस्पताल शहडोल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जरूरतमंदों को रक्त मिल सके और उन्हें रक्त के लिए परेशान ना होना पड़े इस उद्देश्य से लोगों ने रक्तदान कर अपनी पुण्य सहभागिता निभाई।

इस मौके पर शासकीय जिला अस्पताल की सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवनदान देता है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जान बचा सकता है क्योंकि दुर्घटना, सर्जरी, थैलेसीमिया और कैंसर जैसी बीमारियों में रक्त की जरूरत पड़ती है।






सिविल सर्जन डॉक्टर सराफ ने कहा कि रक्तदान न केवल दूसरों के लिए लाभकारी है, बल्कि यह स्वयं रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होता है। इससे शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनती हैं और रक्तसंचार बेहतर होता है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस प्रेरणा देता है कि रक्तदान महादान है, जीवनदान है। रक्तदान नरसेवा से नारायण सेवा का माध्यम है, जो हमारे प्रयास से अनमोल जिंदगियों के लिए वरदान बनता है।

**रक्तदाताओं को मिले प्रमाण पत्र-** इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने अधिकारियों, कर्मचारियों व लोगों को रक्तदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया।

# मरीजों के लिए अस्पताल में की बैठने की व्यवस्था

**शहडोल, देशबन्धु।** शासकीय कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीज और उनके परिजनों को परेशानी से बचाने के लिए रोटरी क्लब द्वारा चेयर लगवाई गई है।

विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले तथा रजिस्ट्रेशन के दौरान इंतजार में होने वाली परेशानी के दृष्टिगत वृद्ध एवं असहाय मरीजो के बैठने लिए रोटरी क्लब शहडोल द्वारा रजिस्ट्रेशन कक्ष के बगल में चेयर लगवाई गई है।



इस अवसर पर मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ, शहडोल रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजय शर्मा, सेक्रेटरी सतेंद्र सोनी, अजय बिजरा, राजेश गुप्ता, विजय दुबे, कृष्ण कुमार गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, रविशंकर पाठक और अस्पताल के सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### ग्राम पड़वार में संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

**उमरिया, देशबन्धु।** अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम पड़वार के कोलान मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय आदिवासी युवक दुर्गेश कोल पिता किशन कोल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। युवक का शव उसके घर से लगभग एक किलोमीटर दूर खेरदाई मंदिर के पास स्थित सन्यासी बाबा की तलैया के समीप देखा गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक के शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि उसकी मृत्यु सामान्य नहीं, बल्कि किसी साज़िश के तहत हत्या की जा सकती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्गेश देर रात तक अपने घर पर ही था, लेकिन सुबह उसका शव घर से काफी दूरी पर संदिग्ध हालत में मिला।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### पन्ना के टैक्नीकल स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना के सिविल लाइन स्थित पॉलिटेक्निक ग्राउंड में पन्ना क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है जिसका शुभारंभ पन्ना टीआई रोहित मिश्रा और तहसीलदार अखिलेश प्रजापति ने किया पहले खिलाड़ियों ने अतिथियों का स्वागत किया और इसके बाद खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर अतिथियों ने टॉस फेक कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया इस टूर्नामेंट में पन्ना जिले की अमानगंज, पन्ना की अ, ब्क टीम,छतरपुर, खजुराहो, राजनगर शाहित 6 टीम में हिस्सा ले रही हैं लेदर बॉल के इस टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच पन्ना की ए टीम और अमानगंज की टीम के बीच खेला गया।

जिसमें अमानगंज में टॉस जीतकर बॉलिंग की पन्ना की ए टीम ने बैटिंग करते हुए 136 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक 50 रन शुभ त्रिपाठी ने बनाये ओपनिंग जयराज सिंह और चिराग बागोरा ने की जिसमें जयराज सिंह ने 36 रन बनाकर आउट हुए , कुश अग्रवाल ने 20 रन जोड़े पूरी टीम ने चार विकेट पर 136 रन बनाए, लक्ष्य का सामना करने के लिए उतरी डायमंड क्रिकेट क्लब अमानगंज ने अच्छा खेल दिखाए पर पूरी टीम 115 रन के स्कोर पर आउट हो गई पन्ना की ओर से कुश अग्रवाल ने 2 और सक्षम विश्वकर्मा ने 2, प्रिंस पाठक ने एक और उमंग यादव ने 2 विकेट लिए और कैच पकडे, खिलाड़ियों में इतना उत्साह था कि 3 बजे से कड़ाके की धूप में सभी खिलाड़ी खेलने मैदान में उतरे मुख्य अतिथि रोहित मिश्रा जो क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी है ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी है और इन दिनों स्कूल भी बंद है लिहाजा छात्रों को मोबाइल पर समय बिताने के बजाय खेल के मैदान पर खेल में समय देना चाहिए रोहित मिश्रा ने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है सर्वांगीण विकास होता है इस दौरान तहसीलदार अखिलेश प्रजापति ने कहा कि खेल बच्चों के लिए बहुत जरूरी है जो बच्चे खेल में आगे रहते हैं उन्हें समाज में भी अच्छा स्थान प्राप्त होता है, छात्रों को पढ़ाई के साथ खेल में रुचि लेनी चाहिए।

### समग्र आईडी को आधार के साथ लिंक नहीं किया तो जून का वेतन नहीं

**शहडोल, देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देशानुसार समस्त शासकीय सेवकों को आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्प्लाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपने समग्र आई.डी. को आधार के साथ लिंक/मेप किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। समस्तं आहरण एवं संवितरण अधिकारी माह जून तक अपने अधीन समस्तस शासकीय सेवको के द्र-चड्ढष्ट प्रकिया के तहत ढ्ढस्न्रस्ढ्ढस् में समग्र आई.डी. का आधार के साथ मैंपिग का कार्य तत्कूल पूर्ण कराया जावे। ज्ञात हो की ढ्ढस्न्रस्ढ्ढस् में सिर्फ द्र-चड्ढष्ट पूर्ण किये गये शासकीय सेवकों का ही माह जून 2025 का वेतन आहरण किया जायेगा।

# शहर की सुंदरता में कोढ़ बना अतिक्रमण पेवर ब्लॉक लगाने में हो रही परेशानी

**बिरसिंहपुर पाली, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद पाली में शासकीय भूमि और सडको पर अतिक्रमण के ताने बाने ने शहर की सुन्दरता में कोढ़ की तरह बनी हुई है। पाली नगर की हर मार्ग आज अतिक्रमण की चपेट में देखी जा रही हैं। पिछले दिनों नगर पालिका व्दारा बस स्टैण्ड से पाली प्रोजेक्ट मार्ग पर सडक किनारे लगने वाली स्टीट लाइट वार्ड क्रमांक 9 में लग पायी, आगे इसे नहीं बढाया जा सका, चूंकि आगे आवागमन बाधित हो जाता।



इसी तरह नगर के मध्य से निकलने वाला कटनी -शहडोल मार्ग पर सडक निर्माण के बाद सडक के दोनों किनारो पर नाली निर्माण और पेयर ब्लॉक लगाने का काम किया जाना है उस काम में भी भारी सुविधा होती है। एक समान रूप से पेवर ब्लॉक नहीं लग पा रहा है। कभी कम कही अधिक लगाया जा रहा है।

पाली नगर की सडको पर अतिक्रमण के मकड़जाल में ऐसा फंसा हुआ है, देखा जा रहा है कि हरिओम टाकीज से लेकर प्रकाश चौराहा तक अतिक्रमण के कारण हरदम जाम की स्थिति बनी रहती है। मेन बाजार में दूकान के सामने दूकान लगाने की समस्या से हर एक को जुझना पड़ता है,फिर भी इस समस्या से निपटने के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी तरह असफल बना हुआ है। नगर के अतिक्रमण से मुक्त कराने की जिम्मेदारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की होती है, फिर भी इस ओर उनका ध्यान न जाना प्रशासनिक कार्य शैली पर तीखे सवाल खड़े कर रहा है।

नवागत अनुविभागीय अधिकारी से यह उम्मीद जागी थी कि नगर को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए इसे सुन्दर और आवागमन के अनुकूल बनाने के लिए आवश्यक कदम उठायेगे, लेकिन लोगो की इस मंशा पर पानी फिर गया है। पाली नगर में हरदम जाम की स्थिति बनी रहती है फिर भी अतिक्रमण हटाने के लिए कारगर कदम नहीं उठाये जाते।

# वर्षो से जमे पुलिसकर्मियों का तबादला होगा

## एक ही जिले में सेवानिवृति की फिराक में दर्जनों आरक्षक और अधिकारी

**उमरिया, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के पुलिस डायरेक्टर जनरल माननीय आर्दश कटियार ने पुलिस महकमे के आरक्षकों से लेकर उपनिरीक्षक के पद स्थापना को लेकर महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए 16 जून तक इसे अमल में लाने के आदेश प्रसारित किये है। डायरेक्टर जनरल पुलिस ने अपने आदेश में लिखा है कि चार वर्षों से एक ही थाना क्षेत्र में कार्यरत पुलिस आरक्षक और उप निरीक्षकों को तत्काल तबादला किया जाना सुनिश्चित किया जाये।




अगर इस आदेश पर अमल हुआ तो निश्चित ही एक स्थान पर जमी गंदगी साफ होगी और पुलिस महकमे में स्वच्छ, साफ और सुन्दर वातावरण बनेगा। इस कदम से जहाँ थाना क्षेत्रों में नया पन आयेगा, वही पर संगठित अपराधो पर भी प्रभावी रूप से अंकुश लगाने में पुलिस विभाग को महती सफलता मिलेगी ?ही साथ पुलिस की दाग नुमा तस्वीर उजली हो जायेंगी।

उमरिया जिले के थानों में देखा जाये तो पुलिस महकमे में एक ही थानों में वर्षों से पुलिस आरक्षक और उप निरीक्षक स्तर के लोग जमे हुए हैं।

पहले भी शासन के नियमों के तहत समय- समय पर तबादला किये जाने संबंधित आदेश जारी किये जातें रहे हैं पर उमरिया जिले में उनका पालन नहीं हो पाता है। उमरिया जिले के थानो में पदस्थापना की समीक्षा करने पर पाया जाता है कि जिले के अन्तर्गत कुछ तिकडमबाज एक महीने, दो महीने के लिए दुसरे थानो में सेवा देकर अपनी पदस्थापना को नयी बनाने के काम में माहिर है। पाली थाना की बात करे तो इस थाना में लगभग डेढ दर्जन आरक्षक चार साल से अधिक समय से अंगद का पैर जमाये हुए हैं।

मध्यप्रदेश डायरेक्टर जनरल पुलिस आदर्श कटियार उमरिया जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर सुशोभित रह चुके हैं, और उमरिया जिले की सामाजिक, भौगौलिक, और राजनैतिक परिस्थितियों से पूर्ण रूप से वाकिफ है, और उनका भी तबादला राजनैतिक रूप से किया गया था।

इन हालात में उनके आदेश पर वर्तमान में पदस्थ आला अधिकारी जिनके हाथ इन आदेश का अमल होना है, कितना पालन कर पायेंगे, चर्चा का बिषय बना हुआ है। जानकर लोगों का मानना है कि अभी भी जिले में आदेश के पालन में संशय की काली परछाई छायी हुई है।

# अर्धनग्न अवस्था में मिला मजदूर का शव

## अमरपुर में रात को घर से टहलने निकला था

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के इंदवार थाना क्षेत्र स्थित अमरपुर में एक मजदूर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतक की पहचान दुर्गेश कोल (20) पुत्र किशन कौल के रूप में हुई है।

दुर्गेश शुक्रवार रात करीब 10 बजे अपने घर से निकला था। जब वह रात में घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। शनिवार सुबह ग्रामीणों को उसका शव घर से एक किलोमीटर दूर तालाब के पास मिला। शव अर्धनग्न अवस्था में था और उसके पास एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।



मृतक दो भाइयों में से एक था और मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए।

चौकी प्रभारी एस.एन. प्रजापति के अनुसार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। शव के पास से मिले मोबाइल को जांच के लिए भेजा जाएगा। मोबाइल से कुछ अहम सुराग हाथ लग सकते हैं।

# छत्रसाल महाविद्यालय में ग्रेजुएशन सह बीएड कोर्स में प्रवेश अगले सत्र से

**पन्ना, देशबन्धु।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में प्राचार्य डॉ एसपीएस परमार के संरक्षण तथा प्रशासनिक अधिकारी डॉ पीपी मिश्र के निर्देशन में इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (ग्रेजुएशन सह बीएड पाठ्यक्रम) हेतु महाविद्यालय में संयोजक डॉ मनोज कुमार शुक्ल एवं सहसंयोजक डॉ राममोहन तिवारी द्वारा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद में आवेदन किया गया है।




जिसके अंतर्गत सत्र 2026-27 से महाविद्यालय में बीए बीएड, बीएससी बीएड पाठ्यक्रम आरंभ किया जा सकेगा। इस पाठ्यक्रम के खुल जाने से क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी विद्यार्थियों को शासकीय शुल्क में उक्त कोर्स करने का अवसर प्राप्त होगा। इस पाठ्यक्रम को खोलने में प्रशासकीय सहयोग एवं महाविद्यालय में भौतिक संसाधन उपलब्ध कराने में जनभागीदारी अध्यक्ष श्री राजेश गौतम जी का सराहनीय योगदान प्राप्त हुआ है।

इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शुरू किया गया है। यह कोर्स उन छात्रों के लिए है जो टीचर बनना चाहते हैं और उन्हें बीएड या डीएलएड जैसे कोर्स करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस कोर्स में, विद्यार्थियों को बीए-बीएड, बीएससी-बीएड, या बीकॉम-बीएड जैसी दोहरी डिग्री मिलती है।

# पाली जनपद में दो पंचायत सचिव निलंबित

## लापरवाही और मनमानी के चलते हुई कार्रवाई

**उमरिया, देशबन्धु।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में घोर लापरवाही बरतने, मनमानी करने और शासकीय कार्यों से अनुपस्थित रहने के आरोपों के चलते जनपद पंचायत पाली अंतर्गत दो पंचायत सचिवों को निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह ने यह कार्रवाई मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 4 के तहत तत्काल प्रभाव से की है।

**पहला निलंबन - विजय सिंह, सचिव, ग्राम पंचायत गोयरा**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी की ओर से जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत गोयरा के पंचायत सचिव विजय सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत पाली कार्यालय निर्धारित किया गया है। इस अवधि में वे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते के पात्र रहेंगे। निलंबन का कारण ग्राम पंचायत गोयरा में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना, समग्र सीडिंग तथा जल गंगा संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अत्यंत धीमी प्रगति पाया जाना रहा। समीक्षा बैठक के दौरान स्पष्ट हुआ कि संबंधित सचिव योजनाओं के क्रियान्वयन में न केवल लापरवाह हैं, बल्कि अक्सर पंचायत में अनुपस्थित भी रहते हैं। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा बार-बार उनके विरुद्ध शिकायतें की गई थीं, जिनमें शासकीय कार्यों से दूरी, स्वेच्छाचारिता और जनहित की उपेक्षा जैसे आरोप शामिल थे।

**दूसरा निलंबन - छोटेलाल सिंह, सचिव, ग्राम पंचायत मालाचुआ**

इसी तरह ग्राम पंचायत मालाचुआ के पंचायत सचिव छोटेलाल सिंह को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके निलंबन का आदेश भी उन्हीं नियमों के अंतर्गत पारित किया गया है। मुख्यालय के रूप में उन्हें भी जनपद पंचायत पाली कार्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है और उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। छोटेलाल सिंह पर भी गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। समीक्षा बैठक में यह सामने आया कि जल गंगा संवर्धन, प्रधानमंत्री आवास, समग्र सीडिंग और सीएम हेल्पलाइन जैसे प्राथमिक महत्व की योजनाओं में नगण्य प्रगति हुई है। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों के अनुसार वे प्रायः पंचायत कार्य से दूर रहते हैं और मनमाने तरीके से काम करते हैं। उनका आचरण मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम 3 के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में पाया गया।

**प्रशासन की ओर से सख्त संदेश**

जिला पंचायत उमरिया के सीईओ द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई से यह संदेश स्पष्ट है कि शासकीय योजनाओं और जनहित कार्यों में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन हेतु जवाबदेही तय करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# प्रस्तावित फोरलेन एवं एलीवेटेड रोड निर्माण के संबंध में चर्चा

**पन्ना, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 बमीठा-पन्ना-सतना के प्रस्तावित फोरलेन कार्य की रूपरेखा एवं कार्ययोजना तय करने तथा एलीवेटेड सड़क निर्माण के संबंध में गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कंसलटेंट के साथ बैठक कर आवश्यक चर्चा की गई।

इस अवसर पर पूर्व कैंबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित कलेक्टर सुरेश कुमार एवं क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व अंजना सुचिता तिर्की भी उपस्थित रहीं। बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों सहित पन्ना बायपास में अलाइनमेंट जोड़कर एलीवेटेड सेक्शन का प्रस्ताव तैयार करने, पन्ना शहर में प्रस्तावित रिंग रोड से एनएच-39 के एलीवेटेड सेक्शन को जोड़ने सहित आवश्यक सुझावों पर विचार विमर्श भी किया गया।



इस अवसर पर पन्ना विधायक के निर्देशन में पन्ना बायपास के विकल्प में संशोधन तथा आगामी दिवसों में सांसद की अध्यक्षता में पुनः बैठक कर संशोधित एवं उपयुक्त अलाइनमेंट विकल्प की स्वीकृति प्राप्त करने संबंधी निर्णय लिया गया।